# डी.सी.एम. श्रीराम ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

चंडीगढ़, 30 जनवरी (दीपेंद्र): डी.सी.एम. श्रीराम लि. ने 2019 की तीसरी तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। इसका का एकीकृत शुद्ध लाभ 5.76 फीसदी बढ़कर 225.65 करोड़ रहा। कंपनी ने गुजरात के भ्रूच स्थित अपने संयंत्र के विस्तार के लिए 1070 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा की है। डी.सी.एम. श्रीराम का बिक्री कारोबार भी अक्तूबर से दिसम्बर 2018 में 19.4 फीसदी बढ़कर 2106.47 करोड़ हो गया। यह जानकारी चेयरमैन एवं सीनियर मैनेजिंग डायरैक्टर अजय श्रीराम तथा वाइस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरैक्टर विक्रम श्रीराम ने दी।